RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 01 अगस्त 2023 | वर्ष 05 | अंक 98 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
(R)
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# जिला सशक्तिकरण कार्यक्रम को केंद्र की मंजूरी

## 0 2121 करोड़ की योजना, विश्व बैंक देगी 1478 करोड़

मुंबई। केंद्र सरकार के आर्थिक मामलों के मंत्रालय (डीईए) ने महाराष्ट्र सरकार के 'मित्र' (महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट फार ट्रांसफॉरमेशन) के माध्यम से विश्व बैंक को सौंपे गए जिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह कार्यक्रम करीब 2112 करोड़ रुपए का है।विश्व बैंक इस कार्यक्रम के लिए 1478 करोड़ रुपए प्रदान करेगा, जबकि शेष हिस्सा राज्य सरकार देगी।



केंद्र सरकार के कार्यक्रम को मंजूर करने पर उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार प्रकट किया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न जिलों में संभावनाओं की पहचान करना, उसके अनुसार निवेश, कार्यान्वयन और निगरानी प्रणाली विकसित करना और इस

### फडणवीस ने पीएम मोदी- वित्त मंत्री का जताया आभार

तरह जिलों में सतत विकास के अवसर पैदा करना है।

इससे जिलों के आर्थिक विकास का दायरा व्यापक होगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से डेटा प्रबंधन प्रौद्योगिकी, सार्वजनिक निवेश की योजना, वित्तीय संसाधनों का संस्थागत आवंटन, राजस्व प्रणाली का सशक्तिकरण, नागरिक-केंद्रित सेवाओं की सुविधा, आर्थिक विकास में विभिन्न संस्थाओं की भागीदारी आदि चलाए जाएंगे। रविवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने विश्व बैंक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की थी। केंद्रीय आर्थिक मामलों के मंत्रालय से मंजूरी मिलने के साथ ही विश्व बैंक से मंजूरी प्रक्रिया का एक बड़ा कदम अब पूरा हो गया है। विश्व बैंक के सहयोग से प्रदेश में अनेक गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं। यह कार्यक्रम इसमें एक और इजाफा करेगा। केंद्रीय आर्थिक व्यवहार मंत्रालय (डीईए) देश की आर्थिक नीतियों को बनाने और निगरानी करने के लिए भारत सरकार की नोडल एजेंसी है।

# फर्जी एनओसी से कुवैत जा रही महिलाएं गिरफ्तार



**मुंबई** : सहार पुलिस ने इमीग्रेशन अधिकारी की शिकायत पर तीन नेपाली महिलाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। तीनों महिलाएं मुंबई से कुवैत जा रही थी, तभी इमीग्रेशन अधिकारी ने उनके पास मौजूद पासपोर्ट और दूसरे दस्तावेज दिखाने के लिए कहा। नेपाल एंबेसी का एनओसी देखते ही अधिकारी समझ गए कि वह नकली है। जिसके बाद नेपाल एंबेसी से उस एनओसी को लेकर सत्यता की जांच के लिए पत्र भेजा गया।

जिसमें एनओसी को फर्जी बताया गया। जिसके बाद मामले में एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक मामला 29 जुलाई की रात लगभग 12:30 बजे का है। जब तीन महिलाएं पूजा मगर, संगीता विश्वकर्मा और जीतू शेरपा मुंबई से कुवैत जाने के लिए केयू 302 नंबर की फ्लाइट पकड़ने वाली थी। लेकिन इमीग्रेशन क्लीयरेंस के वक्त जब उन्होंने अधिकारियों के सामने दस्तावेज रखा, तब उस पर शक हुआ और फिर उसकी सत्यता जानने के लिए नेपाल एंबेसी से संपर्क किया गया। जवाब में एंबेसी ने बताया कि वह एनओसी फर्जी है और फिर एफआईआर दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## मुंबई में निमार्णाधीन इमारत से गिरकर दो मजदूरों की मौत !



**मुंबई** : मुंबई के पश्चिमी उपनगर कांदिवली में सोमवार को एक निमार्णाधीन इमारत की 13वीं मंजिल पर काम करते समय दो मजदूरों की गिरकर मौत हो गई। समता नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना आज दोपहर ठाकुर कॉम्प्लेक्स इलाके में एक 21 मंजिला निमार्णाधीन इमारत में हुई। मजदूर 13वीं मंजिल पर प्लास्टर का काम कर रहे थे। तभी बांस का ढांचा टूट गया, जिस पर वे खड़े थे और वे गिर गए।

# बेस्ट को बस खरीदने के लिए मनपा देगी 3419 करोड़

## बेस्ट खुद की खरीदेगी बस...

**मुंबई** : बेस्ट महाव्यवस्थापक विजय सिंघल ने मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल को पत्र लिखकर बेस्ट को बस खरीदने के लिए निधि उपलब्ध कराने की गुहार लगाई थी । मनपा आयुक्त ने बेस्ट को बस खरीदने के लिए 3419 करोड़ की निधि उपलब्ध कराई है जिससे आने वाले दिनों में बेस्ट बेड़े में अब खुद की बस शामिल होंगी। बता दे कि पिछले कुछ सालों से बेस्ट भाड़े पर बस लेकर यात्रियों को सुविधा उपलब्ध करा रही है।बेस्ट बेड़े में एक समय कुल 4300 बस थी। अब बेस्ट के पास खुद की मात्र 1500 बस ही शेष रह गई है।पिछले दिनो भाड़े पर बस की संख्या बढ़ाए जाने पर बेस्ट बसों में यात्रियों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है।एक समय बेस्ट में रोजाना 20 लाख से भी कम यात्री सफर करते थे लेकिन। भाड़े पर बस लिए जाने के बाद बस की संख्या बढ़ने पर बेस्ट बसों में रोजाना 32 लाख से अधिक यात्री रोजाना सफर करने लगे है।

बेस्ट कामगार सेना के अध्यक्ष सुहास सामंत ने बेस्ट प्रशासन से खुद की बस खरीदने की गुहार लगाई थी।सुहास सामंत ने उपमुख्य मंत्री अजीत दादा पवार को पत्र लिखकर मनपा से बस खरीदने के लिए निधि उपलब्ध कराने को लेकर निर्देश देने की गुहार लगाई थी। मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने पिछले दिनो राज्य सरकार के निर्देश पर बेस्ट को 3419 करोड़ रुपया बस खरीदने के लिए उपलब्ध कराया है। मुंबई की जनता को सुखद और सुरक्षित यात्रा उपलब्ध कराने के लिए मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने बेस्ट उपक्रम को निधि उपलब्ध कराई है।




### दुर्घटना का बढ़ा प्रमाण

पिछले एक महीने में बेस्ट की भाड़े की बसों से दुर्घटना होने का प्रमाण बढ़ा है । पिछले एक माह में तीन से अधिक घटनाएं हुई जिसमे भाड़े पर ली गई बसों के ड्राइवर से बस दुघटना हो कर लोगो की जान गई है।पिछले दो साल।पूर्व तक बेस्ट की बसों से दुर्घटना होने। का प्रमाण बहोत ही कम था लेकिन पिछले दो सालो से बेस्ट की बसों से दुर्घटना होने के प्रमाण में तीन गुना बढ़ोत्तरी हुई है ।बेस्ट इसी के चलते अब खुद की बस खरीद कर यात्रियों को सुविधा देने का निर्णय लिया है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# पवार क्या करेंगे

अगर आखिरी पलों में कोई अप्रत्याशित बदलाव न हुआ तो मंगलवार को पुणे में राजनीति अपनी एक दिलचस्प तस्वीर पेश करेगी। उस दिन वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकमान्य तिलक पुरस्कार दिया जाना है। तय कार्यक्रम के मुताबिक, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस तो मौजूद रहेंगे ही, सरकार का हिस्सा बन जाने के बाद उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी स्वाभाविक ही इसमें प्रमुखता से शिरकत करेंगे। यही नहीं, जिन चाचा से अलग होकर अजित पवार सरकार में गए हैं और जो शरद पवार लाख मनाने के बाद भी अपना खेमा बदलने को अभी तक तैयार नहीं दिख रहे, वह भी इस कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ मंच पर बैठे नजर आएंगे। मजे की बात यह कि कई सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने प्रधानमंत्री के पुणे आगमन का विरोध करने और उन्हें काले झंडे दिखाने का भी कार्यक्रम रखा है, जिसमें ठउढ के शरद पवार धड़े के लोग भी होंगे। यानी कार्यकर्ता विरोध में और नेता मंच पर। विपक्षी खेमे के किसी नेता ने अब तक इस मसले पर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन मीडियाकर्मियों से बातचीत में वे अपनी चिंता सामने रख रहे हैं। वे कह रहे हैं कि ऐसा करने से लोगों में विपक्षी एकता को लेकर गलत संदेश जा सकता है।

सीनियर पवार की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है, लेकिन कार्यक्रम में किसी बदलाव का संकेत भी नहीं दिया गया है। देखना होगा कि विपक्षी खेमा इस मसले से कैसे निपटता है। लेकिन इसका एक और पहलू गौर करने लायक है। अगर प्रदेश राजनीति के संदर्भ में देखें तो अपनी पार्टी में टूट-फूट के बाद खुद शरद पवार के लिए यह जरूरी हो गया है कि वे अपने संभावित रुख को लेकर किसी तरह का संदेह न रहने दें। खासकर इसलिए भी कि भतीजे अजित पवार और उनके सहयोगी आम लोगों के बीच यह संदेश देने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं कि सीनियर पवार की सहानुभूति वास्तव में उनके साथ है। उन्हें लगता है कि ऐसा करने से पार्टी कार्यकर्ताओं और वोटरों का अधिकाधिक हिस्सा उनके साथ बना रह जाएगा। दूसरी तरफ शरद पवार हैं कि अजित के साथ अपने पारिवारिक रिश्तों के मद्देनजर उनके खिलाफ कोई सख्त बयान तक नहीं दे रहे। तो क्या अब भी वह बीच की कोई राह निकालने की कोशिश में हैं, जिससे पार्टी में दिख रही फूट दूर हो जाए? अगर ऐसा हुआ तो खुद शरद पवार उस तरफ चले जाएंगे या अपने लोगों को इस तरफ खींचेंगे? राजनीति खासकर सीनियर पवार की राजनीति के लिए दोनों में से किसी भी संभावना को खारिज नहीं किया जा सकता। इस शैली के अपने नुकसान भी हैं लेकिन जब सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच संवाद के तमाम पुल एक-एक कर ध्वस्त हो रहे हैं, शरद पवार अपनी इसी राजनीति के बूते सभी पक्षों में प्रासंगिक बने हुए हैं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# मुंबई में जयपुर एक्सप्रेस ट्रेन में फायरिंग, एक पुलिसकर्मी समेत चार लोगों के मौत, आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई:** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में आज सुबह जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन में फायरिंग से चार लोगों की मौत हो गई है। इस फायरिंग में एक पुलिसकर्मी की भी मौत हुई है। यह ट्रेन राजस्थान से मुंबई सेंट्रल आ रही थी। यह फायरिंग की घटना कैसे और क्यों हुई? इसकी तफ्तीश शुरू है। जानकारी के मुताबिक यह फायरिंग सुबह सात बजे के आसपास हुई है। फिलहाल यह ट्रेन मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर आ चुकी है। फायरिंग की इस घटना में कुछ यात्री घायल भी बताए जा रहे हैं। इस घटना में एक पुलिसकर्मी को हिरासत में भी लिया गया है।



हिरासत में लिया गया पुलिसकर्मी सहायक पुलिस निरीक्षक के पद पर तैनात है। इस मामले में चेतन नाम का आरोपी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यह फायरिंग ट्रेन के बी-5 कोच में हुई है।

जानकारी के मुताबिक आरोपी चेतन सिंह से अपने सहकर्मी एएसआई टीकाराम पर गोली चलाई थी। ट्रेन के बोरीवली स्टेशन पर आने के बाद तीन यात्रियों के भी मौत की जानकारी पता चली। इस घटना की वजह से वेस्टर्न लाइन पर लोकल ट्रेन भी दस से पंद्रह मिनट की देरी से चल रही है।

गिरफ्तार आरोपी पुलिसकर्मी एस्कॉर्ट ड्यूटी में तैनात था। फिलहाल सभी शवों को मुंबई के शताब्दी अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाया गया है। फिलहाल जिन यात्रयों की मौत हुई है। उनके परिजनों से संपर्क साधने की कोशिश की जा रही है। वेस्टर्न रेलवे के सीपीआरओ ने बताया कि आरोपी आरपीएफ जवान बीच में ही बोरीवली स्टेशन पर उतर गया था। हालांकि, बाद में उसे पकड़ लिया गया। अब इस मामले की छानबीन में जीआरपी जुटी हुई है।

## विपक्षी एकता को झटका देंगे शरद पवार!

# महाराष्ट्र में पीएम मोदी को करेंगे सम्मानित, साथी नेता मनाने में जुटे



**महाराष्ट्र :** 'इंडिया' गठबंधन की तीसरी बैठक से पहले ही विपक्ष में रार देखने को मिल सकती है। विपक्षी गुट 25-26 अगस्त को अपनी तीसरी बैठक करने जा रहा है। इस बीच एनसीपी प्रमुख शरद पवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने वाले हैं।

**पीएम मोदी को करेंगे सम्मानित**

दरअसल, पवार महाराष्ट्र के एक कार्यक्रम में पीएम मोदी को सम्मानित किया जाना है। पुणे के एसपी कॉलेज मैदान में होने वाले इस कार्यक्रम में पीएम मोदी को लोकमान्य तिलक पुरस्कार दिया जाना है और शरद पवार ही पीएम को यह सम्मान देंगे।

**विपक्ष मनाने में जुटा**


शरद के इस कार्यक्रम में शामिल होने पर कई विपक्षी नेताओं ने इसे गलत बताया और अब उनसे मिलकर उन्हें मनाने की कोशिश करने वाले हैं।

**कार्यक्रम से दूरी बनाने की अपील**

एनसीपी की राज्यसभा सांसद वंदना चव्हाण ने भी पवार के फैसले पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से पवार जी के इस फैसले से नाखुश हूं। उन्होंने एनसीपी प्रमुख से इस कार्यक्रम से दूरी बनाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि पवार ने पीएम मोदी को खुद इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया। उन्होंने ऐसा तिलक ट्रस्ट के सदस्यों के अनुरोध पर किया। वंदना ने बताया कि पवार ने अजित पवार के अलग होने से पहले पीएम को आमंत्रित किया था।

# बांद्रा वर्ली सीलिंक पर कार रोकी फिर अचानक समुद्र में कूद गया शख्स...

## पुलिस ने शुरू किया तलाशी अभियान



**मुंबई:** मुंबई के बांद्रा-वर्ली सीलिंक पर सोमवार को एक व्यक्ति ने समुद्र में छलांग लगा दी। फिलहाल मामले की जानकारी के तुरंत बाद व्यक्ति की तलाश के अभियान शुरू किया गया है। मुंबई पुलिस ने इस हादसे की जानकारी की पुष्टि की है। भारतीय तटरक्षक बल, भारतीय नौसेना और मुंबई पुलिस की टीमों ने वर्ली खाड़ी में पानी से व्यक्ति को ट्रैक करने के लिए बड़े पैमाने पर हवाई और समुद्री खोज अभियान के लिए एक हेलीकॉप्टर तैनात किया है। फिलहाल समुद्र में कूदने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। वह कहां का रहने वाला है और उसने यह कदम क्यों उठाया यह भी नहीं पता चल पाया है। इस घटना के चलते सीलिंक के दोनों तरफ भारी ट्रैफिक जाम हो गया, जिसे ट्रैफिक पुलिस ठीक करने प्रयास कर रही है ताकि लोग अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।



# शिंदे ने मानसून के दौरान ठाणे में सड़कों का जायजा लिया

## राकांपा ने उठाए सवाल?



**मुंबई :** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को ठाणे जिले में मुंबई-नाशिक राजमार्ग तथा आसपास की कुछ सड़कों का जायजा लिया और अधिकारियों से यातायात के सुचारू संचालन के लिए तत्काल गड्ढे भरने तथा अन्य कदम उठाने के लिए कहा। पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है तथा कई सड़कें खस्ताहाल हैं, जिससे वाहनों की आवाजाही पर असर पड़ा है तथा यात्रा में अधिक समय लग रहा है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री ने एक दिन पहले ठाणे जिला अधिकारी के नेतृत्व में एक कार्य बल का गठन किया। इस दौरे पर निशाना साधते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रवक्ता क्लाईड क्रास्टो ने कहा, ''मुख्यमंत्री ने वादा किया था कि मानसून से पहले सड़कों पर गड्ढे नहीं होंगे तथा उन्होंने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया था।'' राकांपा नेता ने पूछा कि अभी तक अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी है। उन्होंने मुख्यमंत्री के दौरे पर पूछा कि क्या इसमें देर नहीं हो गयी है।

# 'उद्धव ठाकरे, बालासाहेब थोराट और मैं... महाराष्ट्र में कुछ होगा',

## क्यों चर्चा में आया शरद पवार का ये बयान?

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में पहले शिवसेना और फिर एनसीपी के बीच बगावत के बाद राज्य में राजनीति के समीकरण बदल गए हैं. इस पृष्ठभूमि में, एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार ने धुले में एक सांकेतिक बयान दिया है जिसमें शिवसेना (ठाकरे समूह) पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे और कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट का उल्लेख किया गया है. इस मौके पर उद्धव ठाकरे और बालासाहेब थोराट भी मौजूद रहे.

**क्या बोले एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार?**

शरद पवार ने कहा, ''जो काम धुले में हो रहा है, उसे प्रोत्साहित



करना चाहिए. राज्य सरकार से बात करना फिलहाल हमारे लिए थोड़ा मुश्किल है. हालांकि, किसी दिन या कल इसका कोई रास्ता निकलेगा. जब भी रास्ते उपलब्ध होंगे, राज्य सरकार को इस काम में मदद करने के लिए मजबूर करने में कोई कठिनाई नहीं होगी.

**'उद्धव ठाकरे, बालासाहेब थोराट और मैं..'**

शरद पवार ने कहा, ''अगर उद्धव ठाकरे, बालासाहेब थोराट और मैं तय करते हैं, तो शायद महाराष्ट्र में कुछ होगा. कुछ खास कहने की जरूरत नहीं है. राजनीतिक चीजों के बजाय महाराष्ट्र की सभी सांस्कृतिक और साहित्यिक संस्थाओं और उनके खजाने को संरक्षित किया जाना चाहिए. इसके लिए, राज्य सरकार को ऐसे संगठनों के पीछे खड़ा होना चाहिए.''

### उद्धव ठाकरे को लेकर क्या बोले शरद पवार?

**शरद पवार ने आगे कहा, ''उद्धव ठाकरे को शायद पता न हो, लेकिन मुख्यमंत्री के रूप में अपने सीमित कार्यकाल के दौरान उनकी सरकार ने दो या तीन काम किए. मैं मुंबई मराठी लाइब्रेरी का अध्यक्ष हूं. उस संस्था को 5 करोड़ रुपये का चंदा दिया गया था. हम लोगों ने एहतियात बरतते हुए एक-दो ऐसी अच्छी संस्थाओं को राज्य सरकार की ओर से कुछ मदद दे दी है. शरद पवार ने यह भी कहा कि आज भी काम करने की जरूरत है. बता दें, महाराष्ट्र की राजनीति में शरद पवार के इस बयान की खूब चर्चा हो रही है.**

# शटर तोड़कर चोरी करनेवाले गिरफ्तार



**मुंबई :** बंद पड़े दुकानों में चोरी करनेवाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को झांसी से गिरफ्तार किया है। मामले में अंधेरी पुलिस ने पैवुड की दुकान में चोरी करने की एफआईआर दर्ज की थी। जिसकी जांच जारी थी और आरोपी को जांच करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दाऊद बेग और शमशुल खान है। दोनों की उम्र 28 साल है। अधिकारी ने बताया कि दोनों ही आरोपी मुंब्रा में रहते हैं। लेकिन घटना को अंजाम देने कब बाद वे मुंबई से भाग गए थे। आरोपियों को ढूंढते हुए पुलिस की टीम झांसी पहुंच गई और उन्हें उनके गांव से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों साकीनाका और पायधुनि पुलिस थाने में भी एफआईआर दर्ज है।

## 'केवल शाकाहारियों को बैठने की इजाजत'

# IIT बॉम्बे के हॉस्टल कैंटीन में लगे पोस्टर पर बवाल



**मुंबई :** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बॉम्बे में नॉन-वेज फूड को लेकर छात्रों के बीच बवाल मचा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, हॉस्टल की कैंटीन में मांसाहारी खाना खाने पर एक स्टूडेंट को दूसरे छात्र ने अपमानित किया। एक छात्र ने बताया कि यह घटना पिछले हफ्ते हॉस्टल 12 की कैंटीन में हुई। छात्र ने दावा किया कि कुछ छात्रों ने कैंटीन की दीवारों पर पोस्टर लगाया, जिसमें लिखा गया कि 'केवल शाकाहारियों को यहां बैठने की इजाजत है।'

तीन महीने पहले छात्रों ने RTI दायर करके संस्थान से फूड पॉलिसी के बारे में जानकारी मांगी थी। इस दौरान उन्हें बताया गया कि इंस्टीट्यूट में भोजन को लेकर कोई अलग गाइडलाइन नहीं है। हालांकि,संस्थान में भोजन विकल्पों के आधार पर छात्रों के अलग-अलग बैठने की व्यवस्था अभी भी कायम है। इस मामले को कुछ छात्रों ने ट्विटर पर उठाया और इसे अपमानजनक बताया। आम्बेडकर पेरियार फुले स्टडी सर्कल नाम के छात्रों के ग्रुप ने ट्वीट किया, 'आरटीआई और मेल से पता चलता है कि हॉस्टल जीसेक के लिए 'भोजन अलगाव' को लेकर संस्थान की कोई पॉलिसी नहीं है। कुछ लोगों ने मेस के कुछ हिस्सों को शाकाहारियों के लिए रिजर्व कर दिया है। नॉन-वेज खाने वालों को उससे हटकर बैठना होता है।'

### छात्रों के बीच भेदभाव को बढ़ावा देने का आरोप

**स्टूडेंट्स के ग्रुप की ओर से किए गए ट्वीट में लिखा है, 'शुद्धता के विचार को लेकर खाने की अलग-अलग जगहें तय करना गलत है। यह कैंपस में सवर्णों की श्रेष्ठता को मजबूत करने और उनकी खाने की आदतों को उ्हअ छात्रों की तुलना में बेहतर बताने की कोशिश है।' घटना की निंदा करते हुए एपीपीएससी ने कैंटीन में लगे इस तरह के पोस्टर फाड़ दिए। साथ ही इसे लेकर सोशल मीडिया पर कैंपेन भी शुरू किया। इनका कहना है कि यह रेगुलेशन कैंपस में कुछ समूहों के बीच श्रेष्ठता के विचार को मजबूत करता है। यह हाशिए की पृष्ठभूमि वाले छात्रों के खिलाफ भेदभाव करने जैसा है।**

# 'सुंदरता देखकर आदित्य ठाकरे ने...',

## एकनाथ शिंदे गुट के विधायक के दावे पर भड़कीं प्रियंका चतुर्वेदी...



**मुंबई :** शिवसेना (ठाकरे समूह) पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने ठाणे में हिंदी भाषी कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए शिंदे समूह पर हमला किया. इस समय, ठाकरे गुट की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी शिंदे गुट के विधायकों को गद्दार बताया. इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शिंदे गुट के विधायक संजय शिरसाट ने बड़ा दावा किया है. संजय शिरसाट ने कहा, ''आदित्य ठाकरे ने प्रियंका चतुर्वेदी की खूबसूरती देखी और उन्हें राज्यसभा सांसद बना दिया.'' यह दावा करते हुए उन्होंने ठाकरे समूह के नेता चंद्रकांत खैरे का भी जिक्र किया. अब इस पर खुद प्रियंका चतुर्वेदी ने प्रतिक्रिया दी है.

**सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने क्या कहा?**

उन्होंने ट्वीट कर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'मुझे यह बताने के लिए किसी गद्दार की जरूरत नहीं है कि मैं कैसी दिखती हूं और मैं जहां हूं वहां क्यों हूं. जिसने 50 बक्सों के लिए अपनी आत्मा और ईमानदारी बेच दी. संजय शिरसाट राजनीति और महिलाओं पर अपने विचारों में व्यापक बीमारी का एक आदर्श उदाहरण हैं. वह निश्चित रूप से अपनी टिप्पणियों के माध्यम से अपना अश्लील चरित्र प्रदर्शित करते हैं, इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि बीजेपी ने उन्हें अपने साथ रखा है.'




# मुंबई में भारी बारिश की वजह से हो गए 3 हजार गड्ढे

## मंत्री बोले- 30 दिन में भर देंगे



**मुंबई :** मुंबई में भारी बारिश की वजह से जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिनकी मरम्मत का काम जारी है। मनपा का कहना है कि अब तक 6 हजार गड्ढे भरे गए हैं और 3 हजार गड्ढों का काम बाकी है। गड्ढे भरने की मशीन से 6 घंटे में गड्ढे गायब हो जाएंगे। बता दें कि मुंबई में कुछ दिनों से तेज बरसात रुकी हुई है। ऐसे में मनपा ने मौका देखते हुए गड्ढे भरना शुरू कर दिया है। इस मौके पर मुंबई के पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा और बीएमसी उपायुक्त बेलारासू खुद सड़कों की मरम्मत करवाते दिखाई दिए।

### 30 दिनों में गड्ढा मुक्त होगी मुंबई

लोढ़ा ने कहा कि 30 दिनो में मुंबई गड्ढा मुक्त होगी। मुंबई में कुल 9 हजार गड्ढे थे, जिसमें से 6 हजार गड्ढों को भर दिया गया था। मुंबई में हालही में हुई बारिश के चलते 3 हजार गड्ढों की शिकायत मिली है, जिसे भरने का काम शुरू है। मंत्री लोढ़ा ने कहा कि आने वाले दिनों में एक भी गड्ढा मुंबई की सड़कों पर दिखाई नहीं देगा। मुंबई महानगर पालिका की तरफ से एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा, जो सड़क पर गड्ढे की शिकायत मिलने पर उसे तुरंत भरने का काम करेगी। अगर ऐसी कोई शिकायत मिलती है तो 24 घंटे के भीतर सड़क पर हुए गड्ढे को भर दिया जाएगा। मुंबई के हर वार्ड में गड्ढे भरने की नई मशीन उपलब्ध करवाई गई है, जो 6 घंटे में पूरी तरह से गड्ढों को भरने का काम करती है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नही चाहीए उद्धव ठाकरे का प्रमाण पत्र

## उद्धव ठाकरे पर भाजपा अध्यक्ष बावनकुले का पलटवार

**मुंबई :** पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे के बयान पर सत्ताधारी भाजपा और शिंदे गुट की शिवसेना आक्रमक हो गई है। दोनों पार्टियों ने उद्धव ठाकरे पर चौतरफा निशाना साधा है। रविवार को मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने ठाकरे को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि महाविकास आघाड़ी सरकार का नेतृत्व करने वाले उद्धव ठाकरे कई महीनों बाद शनिवार को मातोश्री के बाहर निकले और मचलते मचलते ठाणे पहुंचे, जहां कभी याद न करने वाले उन्हें उत्तर भारतीय मतदाताओं को संबोधित करते हुए एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि देश के लिए पीएम मोदी क्या कर रहे हैं इसका प्रमाण पत्र उद्धव ठाकरे से नहीं चाहिए। मोदी ने देश




का नाम ऊंचा किया है। वही उद्धव ठाकरे की हिंदुत्व विरोधी भूमिका से शिवसैनिको का सम्मान गिर गया है। पीएम मोदी को हिटलर शाही वाले बयान पर बावनकुले ने उद्धव ठाकरे से पूछा की मोदी अगर हिटलर हैं तो सोनिया गांधी क्या हैं, सत्ता की कुर्सी के लिए उनके शरण में जाकर झुकना पड़ा। उद्धव के मेरा परिवार मेरी जवाबदारी वाले बयान पर भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह सिर्फ. ठाकरे के भाषण में दिखाई पड़ता है मंत्री आदित्य ठाकरे आपके सच्चे शिवसैनिक पूरे कोरोना काल में कही दिखाई नहीं दिए।

### कौन गद्दार इसकी व्याख्या होनी चाहिए केसरकर

शिवसेना के प्रवक्ता और स्कूली शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने उद्धव ठाकरे के बयान पर उनपर हमला बोला । ठाकरे पर तंज कसते हुए केसकर ने कहा कि विपक्षी दलों ने एनडीए के विरोध में इंडिया नाम की आघाड़ी बनाया है, जिसमें चर्चा है कि आघाड़ी की तरफ से उद्धव ठाकरे को प्रधानमन्त्री बनाया जाएगा, इसलिए ठाकरे को उस पर ध्यान देना चाहिए। ठाकरे सहित पूरे विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए केसरकर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए मतदार क्षेत्र चुनना पड़ता है, क्या पीएम मोदी के लहर सामने टीक सकते हैं। इस पर उद्धव ठाकरे को पहले विचार करना चाहिए।


उद्धव के गद्दार वाले बयान का जवाब देते हुए दीपक केसरकर ने कहा कि हमे गद्दार कहने से पहले उन्हे अपने बारे में सोचना चाहिए की गद्दारी किसने की है। साल 2019 विधानसभा का चुनाव शिवसेना और भाजपा ने मिलकर लड़ा था जनता ने हमें बहुमत भी दिया लेकीन चुनाव बाद भाजपा को धोखा देकर कांग्रेस और राकापा के साथ मिलकर सरकार किसने बनाई यह जनता देख रही है। जनता भाजपा और शिवसेना को बहुमत दिया था इसलिए हम उनके साथ गए हमने किसी को धोखा नही दिया है। उन्होंने कहा कि कौन गद्दार है इसकी व्याख्या होनी चाहिए, क्योंकि हमने कोई गद्दारी नहीं की है।

# आरपीएफ ने चलती ट्रेन से चोर को दबोचा...



**विरार :** अपराधी कितना भी लुका छुपी खेले। लेकिन पुलिस उनके गिरेबान तक पहुंच ही जाती है। ऐसे ही एक मामला सामने आया है। दरअसल,विरार आरपीएफ सुरक्षा 'एस्कोटिंग' पार्टी ने चलती ट्रेन में एक शातिर चोर को धर दबोचा है, जिसे आगे की कार्रवाई के लिए ब्रांदा टर्मिनस के हवाले कर दिया है। बातदे कि, ट्रेनों व यात्रियों की सुरक्षा हेतु को लेकर रेल प्रशासन ने आरपीएफ सुरक्षा 'एस्कोटिंग' पार्टी बनाया है,जिसके देख-रेख में ट्रेनों व यात्रियों की सुरक्षा करती है। यह सुरक्षा 'एस्कोटिंग' पार्टी ट्रेन में यात्रा के दौरान ड्यूटी करती है। मिली जानकारी के अनुसार, आरपीएफ (विरार) सहायक उप निरीक्षक सुनीता सिंह व स्टाफ के साथ सवारी ट्रेन संख्या 12972 अप की ट्रेन सुरक्षा 'एस्कोटिंग' में तैनात थी। सहायक उप निरीक्षक सुनीता सिंह व स्टाफ के साथ ड्युटी के दौरान वलसाड स्टेशन पर चोर-चोर की यात्रियों द्वारा शोर होने पर जाकर देखा पर कोई नहीं मिला। ट्रेन चलने के बाद में एक हरे रंग की शर्ट पहने उम्र लगभग 18,उक्त ट्रेन के स्लीपर कोच में दिखाई दिया। सहायक उप निरीक्षक सुनीता सिंह को उस लड़के पर शक हुआ,उसके बाद सहायक उप निरीक्षक ने हेड कांस्टेबल हरदेव सिंह व कांस्टेबल नरेंद्र सिंह को उस लड़के पर निगरानी रखने को कहा,ट्रेन वापी स्टेशन निकलने के बाद उक्त लड़का जनरल कोच में गया व यात्रियों की नींद का फायदा उठाकर उसने एक मोबाइल जो चार्जिंग में लगा था उसे चोरी करके जनरल कोच के बाथरूम में जाकर कचरे के डब्बे में छुपा दिया,और खुद दूसरे बॉथरूम में छुप गया। लगभग आधा घंटे के बाद वह बाथरूम से निकला और हेड कांस्टेबल हरदेव सिंह व कांस्टेबल नरेंद्र सिंह ने उस लड़के को धर दबोचे लिया। सहायक उप निरीक्षक सुनीता सिंह ने शक्ती से पूछताछ करने पर उसने अपना गुनाह कबूल किया।आगे की कार्रवाई के उसे निरीक्षक बांद्रा टर्मिनस को सौप दिया गया है।

# यवतमाल में हाईवे पर पुलिस वैन और ट्रक की जोरदार टक्कर, दो लोगों की मौत



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के यवतमाल जिले में एक भीषण हादसा देखने को मिला। यहां हाईवे पर खड़ी एक पुलिस वैन को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें पुलिस के एक कर्मचारी और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना यहां नागपुर-तुलजापुर राजमार्ग पर बीती रात करीब साढ़े ग्यारह बजे हुई। पुलिस ने बताया कि राजमार्ग पुलिसकर्मी एक पुल पर एक ट्रक की जांच कर रहे थे तभी एक अन्य ट्रक ने पुलिस वैन में पीछे से टक्कर मार दी।

# भिवंडी/ गड्ढे में डूबकर दो युवको की मौंत..!

**भिवंडी :** शहर के पोगांव-डोंगरपाड़ा इलाके में शनिवार शाम बारिश का जमा पानी के गड्ढे में तैरने गए दो नाबालिग युवकों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत होने की घटना घटित हुई है। भिवंडी तालुका पुलिस थाना ने इस मामले में आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार शाम शांतिनगर परिसर के रहने वाले अली अनवर शेख (17) और सनीब रईस अंसारी (16) अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ पोगांव डोंगरपाड़ा के गड्ढे में जमा पानी में नहाने गए थे। लेकिन पानी की गहराई का अनुमान न होने से दोनों पानी में डूबने लगे। दोनों को डुबते देख अन्य दोस्तों ने गड्ढे के पास रहने वाले नागरिकों को इसकी जानकारी दी। तब स्थानिकों ने पानी से भरे गड्ढे के पास पहुंचे और दोनों बच्चों को पानी से बाहर



निकाला। लेकिन तब तक दोनों बच्चों की मौत हो चुकी थी।

घटना स्थल पर पहुंची तालुका पुलिस ने दोनों बच्चों का शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर के स्वं इंदिरा गांधी उपजिला अस्पताल भेज दिया और आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है। बतादें कि पिछले चार वर्षों में इसी गड्ढे में डूबने की कई घटनाएं हो चुकी है। किन्तु शासन से लेकर प्रशासन तक इसे संज्ञान में नहीं लिया है और ना ही कोई ठोस उपाय किया गया। इस गड्ढे से अभी और कितने लोगों की जान जायेगी। यह पता नहीं। स्थानीय निवासियों ने इस प्रकार का आरोप प्रशासन पर लगाया है।




# ठाणे के सेंट्रल ग्राउंड के पास TMT बस में लगी आग, बाल-बाल बचे 40-50 यात्री



**ठाणे :** महाराष्ट्र से मिली बड़ी खबर के अनुसार, यहां के ठाणे में सेंट्रल ग्राउंड के पास ठाणे नगर परिवहन की बस के इंजन में आग लग गई। बस में 40-50 यात्री थे लेकिन वे समय पर वाहन से उतर गए। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के विवरण का इंतजार है। जानकारी दें कि, बीते जनवरी 2023 में महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक बस में आग लग गई थी, उसमें सवार 65 यात्री बाल-बाल बच गए थे। मामले पर ठाणे नगर निगम ने बताया था कि, हादसा शहर की सीमा से लगे उत्तलेश्वर के पास सुबह करीब आठ बजे हुआ था। बता दें कि, तब टरफ्छउ की बस कम से कम 65 यात्रियों को लेकर ठाणे से पड़ोसी शहर भिवंडी जा रही थी। आग की लपटे देखने के बाद चालक ने तुरंत बस रोकी और यात्रियों को बस से उतरने को कहा। तब बस आंशिक रूप से जल गई। स्थानीय दमकलकर्मी और आरडीएमसी का एक दल मौके पर पहुंचा और करीब आधे घंटे में आग पर काबू पाया गया था। जानकारी के अनुसार, भिवंडी डिपो की इस बस में शायद शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी थी।

# ठाणे में एक युवक ने की आत्महत्या

## सुसाइड नोट में ट्रैफिक पुलिस पर लगाया आरोप



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में 24-वर्षीय एक युवक ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। युवक नशे में गाड़ी चलाते हुए पकड़े जाने के बाद से परेशान था। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या करने से पहले मनीष उत्तेकर नामक युवक ने सोशल मीडिया पर एक सुसाइड नोट साझा किया, जिसमें उसने यातायात पुलिस पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। हालांकि, एक पुलिस अधिकारी ने इन आरोपों से इनकार कर दिया। अधिकारी ने बताया कि शहर के वागले एस्टेट इलाके में रहने वाले उत्तेकर ने शुक्रवार दोपहर को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, उत्तेकर चाहता था कि यातायात पुलिस नशे में गाड़ी चलाने के मामले में उसके खिलाफ नरमी बरते, क्योंकि इससे उसका भविष्य बर्बाद हो जाएगा। वह प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहा था।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस द्वारा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू किये जाने के बारे में पता चलने के बाद से वह परेशान था। पुलिस के अनुसार, उत्तेकर ने सुसाइड नोट में शहर की कोपरी यातायात पुलिस के कर्मियों- पुष्पक और सुधाकर को दोषी ठहराया है। पुलिस उपायुक्त डॉ. विनय राठौड़ ने कहा, नशे में गाड़ी चलाने के मामले में अदालत भेजना आवश्यक होगा। यातायात कार्यालय में जुमार्ना वसूलकर किसी को छोड़ने का सवाल नहीं उठता है। राठौड़ ने कहा, कोपरी इकाई में पुष्पक और सुधाकर नाम का कोई कर्मचारी नहीं है। अधिकारी ने बताया कि इस मामले को लेकर श्रीनगर पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया है।

# ऐरोली टोलनाका पर आंदोलन कवर करने गए पत्रकारों के साथ पुलिसवालों ने की धक्का-मुक्की



**मुंबई :** रविवार को नवघर पुलिस स्टेशन अंतर्गत ऐरोली टोलनाका पर आंदोलन कवर करने गए पत्रकारों के साथ पुलिसवालों ने धक्का-मुक्की की। पत्रकारों ने इस मामले के खिलाफ ट्वीट कर मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और मुंबई पुलिस कमिश्नर से शिकायत की है। दरअसल, रविवार को ऐरोली टोलनाके पर विरोध प्रदर्शन कवर करने गए पत्रकारों को नवघर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गिराप ने रोका और उन्हें गिरफ्तार करने की धमकी दी। इस मामले पर उपनगर पत्रकार एसोसिएशन ने इसकी कड़ी निंदा की है।

# पुलिस ने पैसे इकट्ठे कर नाबालिग को परिवार मिलवाया...

**मुंबई :** मुंबई पुलिस में कार्यरत एक इंस्पेक्टर ने बच्चे को उनके माता पिता से मिलवाया है। पुलिस ने न सिर्फ बच्चों के माता पिता को खोजा है, बल्कि उसे मिलाने के लिए पुलिस ने पैसे भी इकट्ठा कर उसके परिवार को मुंबई आने के लिए कहा। पुलिस विभाग ने न केवल परिवार का पता लगाने के लिए हर संभव प्रयास किया, बल्कि उनके गृहनगर मुंद्रा तक उनकी ट्रेन यात्रा के लिए धन भी जुटाया। 25 जुलाई को लगभग 2 बजे, पुलिस इंस्पेक्टर वाहिद पठान अंधेरी रेलवे स्टेशन पर गश्त ड्यूटी पर थे, जब उन्होंने एक कमजोर दिखने वाले लड़के को देखा, जो खाने की तलाश में घूमता हुआ दिखाई दे रहा था। पूछताछ करने पर लड़के ने बताया कि उसका कोई परिवार नहीं है और वह सड़कों पर रहता है। उसकी बोली से यह स्पष्ट था कि लड़का महाराष्ट्र का नहीं था, इसलिए पुलिस टीम ने उसे पुलिस स्टेशन ले जाने का फैसला किया।

**खाने की तलाश में था बच्चा**



डीएन नगर डिवीजन के सहायक पुलिस आयुक्त शशिकांत माने के मुताबिक लड़के के साथ किसी भी अप्रिय घटना न घटे इसका हमें ध्यान रखना था। इसलिए हम उसे पुलिस थाने में लेकर आये। स्टेशन पर पहले उन्हें खाना खिलाया गया और महिला अधिकारी उससे बातचीत करने लगी। हालांकि उसने 21 जुलाई को घर से भागकर आने की बात कबूल की थी,लेकिन वह अपना पता नहीं बता पा रहा था। उन्होंने बताया कि बाद में बच्चे को वडोदरा में रहने वाले कुछ रिश्तेदारों के पता याद आया। जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए,डीएन नगर पुलिस ने वडोदरा के गोत्री इलाके में स्थानीय पुलिस स्टेशन से संपर्क किया।

# डोंबिवली पूर्व में बनेगा कैंसर हॉस्पिटल

## मंत्री रविंद्र चौहान का सहयोग सराहनीय

**कल्याण :** विगत कई वर्षों से बंद पड़े डोंबिवली पूर्व स्थित प्रसूति अस्पताल की जगह पर आधुनिकता से भरपूर कैंसर अस्पताल व प्रसूति अस्पताल बनाया जाएगा । इसके लिए निविदा जारी कर दी गई है। कैंसर अस्पताल के शुरू होने से जिले के कैंसरग्रस्त लोगों को सुविधा मिल सकेगी। इसी इमारत में प्रसूति गृह भी होगा जो 50 बेड का होगा। सांसद श्रीकांत शिंदे के निरंतर प्रयास से राज्य सरकार द्वारा इस





अस्पताल की मंजूरी दी गई है। वहीं मंत्री रविंद्र चव्हाण का भी इसकी मंजूरी में सहयोग रहा।

कल्याण डोंबिवली मनपा क्षेत्र में डोंबिवली में 1950 से 30 बेड का प्रसूति अस्पताल महिलाओं व नागरिकों को स्वास्थ सेवाएं उपलब्ध करा रहा था । 2013 में इसकी इमारत जर्जर होने के कारण इसे बंद कर दिया गया था। 3219 वर्ग मीटर के क्षेत्रफल वाला यह अस्पताल था। सांसद श्रीकांत शिंदे द्वारा यहां पर कैंसर अस्पताल खोलने का विचार व्यक्त किया गया जिसके फलस्वरूप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा जनहितार्थ कैंसर अस्पताल को मंजूरी दी गई। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस व सार्वजनिक निर्माण मंत्री रविंद्र चव्हाण द्वारा भी इस अस्पताल की मंजूरी के लिए काफी प्रयास किया। अस्पताल का 1 लाख 45 हजार 475 वर्ग फुट में निर्माण किया जाएगा, इसमें रेडिएशन थेरेपी के लिए आवश्यक उपकरण भी लगाए जाएंगे। प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप झपीपीपी मॉडल पर 30 वर्षों के लिए यह अस्पताल दिया जाएगा। सामान्य नागरिकों के लिए सुलभ हो ऐसी यहां पर उपचार की व्यवस्था होगी जो केंद्र सरकार की स्वास्थ दर सूची के अनुरूप होगी।

# रोजगार के नाम पर देह व्यापार, एक महिला और पुरुष गिरफ्तार

**मुंबई :** नई मुंबई की वाशी पुलिस ने एक महिला और पुरुष को गिरफ्तार किया है, जिन पर लड़कियों को रोजगार देने के नाम पर उन्हें देह व्यापार में ढकेलने का आरोप है। दरअसल, कुछ लड़कियों ने वाशी पुलिस को शिकायत की थी कि आरोपी महिला ने उन्हें रघुलीला मॉल में बने स्पा में मसाज करने का काम देने का वादा किया था। हालांकि, जब लड़कियां काम पर लग गईं तो उनसे मसाज के नाम पर देह व्यापार



करवाया जाने लगा। इसके बदले में आरोपी महिला ग्राहकों से चार-चार हजार रुपए लेती थी। वह लड़कियों को धमकाती भी थी और वेश्या का काम न करने पर काम पर से निकाल देने की धमकी भी देती थी। हालांकि, जब लड़कियां परेशान हो गईं तो उन्होंने वाशी पुलिस स्थानक में जाकर शिकायत दर्ज कराई थीं। उन्होंनो बताया कि आरोपियों का मुख्य तौर पर यही व्यवसाय है, जिस पर उनका जीवनयापन चलता है। जिसके बाद पुलिस ने स्पा की मैनेजर और आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।




## भारत में घुसा पाकिस्तानी एयरलाइंस का विमान, तीन राज्यों के लगाए चक्कर

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) की एक फ्लाइट भारत का लंबा चक्कर लगाने के बाद इस्लामाबाद पहुंची। ये मामला पिछले सोमवार (24 जुलाई) का है। कराची से इस्लामाबाद जाने वाली पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस की फ्लाइट भारत के कई राज्यों से होते हुए, पाकिस्तान की राजधानी पहुंची।



पीआईए फ्लाइट उड़ान भरने के कुछ ही समय में रास्ता भटक गई और इसने सोमवार को लगभग शाम 5:32 बजे भारतीय वायु क्षेत्र में प्रवेश किया। इसने भारतीय हवाई क्षेत्र में करीब एक घंटे 12 मिनट तक उड़ान भरी। WION की रिपोर्ट के मुताबिक, ओपन-सोर्स फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा से पता चलता है कि इसने पाकिस्तान के हैदराबाद से भारत के राजस्थान क्षेत्र में प्रवेश किया। पाकिस्तानी विमान राजस्थान के ऊपर से उड़ान भरते हुए हरियाणा और फिर पंजाब तक गया।

# भाजपा की केंद्रीय पदाधिकारियों की टीम में फेरबदल

### 13 उपाध्यक्ष और 9 महासचिव किए गए शामिल

**नई दिल्ली।** आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 के आम चुनाव से पहले पार्टी संगठन में बदलाव करते हुए, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष, जेपी नड्डा ने शनिवार को राष्ट्रीय पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। तेलंगाना राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष, बंदी संजय को उत्तर प्रदेश के विधायक राधा मोहन अग्रवाल के साथ राष्ट्रीय महासचिव के रूप में शामिल किया गया है। ये दोनों नेता डी पुरंदेश्वरी और सीटी रवि की जगह लेंगे जिन्हें हाल ही में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की राज्य इकाई के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है।

#### इन्हें मिली नई जिम्मेदारी

सरोज पांडे जिन्हें 2020 में राष्ट्रीय महासचिव के पद से हटा दिया गया था, उन्हें सौदान सिंह के साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सौदान सिंह संयुक्त महासचिव (संगठन) भी थे। राष्ट्रीय उपाध्यक्षों की टीम में छत्तीसगढ़ से लता उसेंडी, यूपी से दोनों सांसद रेखा वर्मा और लक्ष्मीकांत बाजपेयी और यूपी से एमएलसी तारिक मंसूर को भी शामिल किया गया है। बीएल संतोष संगठन के राष्ट्रीय महासचिव और शिव प्रकाश संयुक्त महासचिव बने रहेंगे। भाजपा की तेलंगाना इकाई के पूर्व अध्यक्ष बंदी संजय कुमार को पार्टी का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, राधामोहन अग्रवाल को भी महासचिव नियुक्त किया गया है।




#### चुनावों से पहले बदलाव

पार्टी में ये बदलाव ऐसे समय में किए गए हैं जब वह राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना सहित राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही है। राष्ट्रीय पदाधिकारियों की सूची में राजस्थान के तीन नेताओं का नाम शामिल है। इसमें राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का नाम शामिल है। राजे को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। लिस्ट के मुताबिक, एमएलसी और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति तारिक मंसूर को भाजपा उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। तारिक मंसूर एक पसमांदा मुस्लिम हैं।

# संसद में अगले हफ्ते पेश होगा दिल्ली अध्यादेश

## सरकार ने सदन में जानकारी दी, नीतीश कुमार ने अपने सांसदों को व्हिप जारी किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अफसरों की पोस्टिंग-ट्रांसफर पर नियंत्रण से जुड़ा अध्यादेश अगले हफ्ते संसद में पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 28 जुलाई को लोकसभा को अगले सप्ताह के सरकार के कामकाज की जानकारी दी। जिसमें दिल्ली अध्यादेश भी शामिल है। वहीं राज्यसभा में संसदीय कार्य राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने आगामी सप्ताह के सरकारी कामकाज की जानकारी दी। उधर कैबिनेट से दिल्ली अध्यादेश को मंजूरी मिल चुकी है।

दरअसल, केंद्र ने 19 मई को अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग पर अध्यादेश जारी किया था। अध्यादेश में उसने सुप्रीम कोर्ट के 11 मई के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार दिल्ली सरकार को मिला था। दिल्ली अध्यादेश का आप सहित सभी विपक्षी दल विरोध करेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ॠ.ह.ष्ठ.ॠ. गठबंधन में इसी शर्त में शामिल हुए कि कांग्रेस समेत सभी दल संसद में इस विधेयक का विरोध करें।



### *अध्यादेश से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट में है*

केंद्र सरकार ने अध्यादेश के जरिए दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार उपराज्यपाल को दे दिए थे। दिल्ली सरकार इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। इस पर CJI चंद्रचूड़ ने 17 जुलाई को कहा कि हम यह मामला पांच जजों की संविधान पीठ को भेजना चाहते हैं। फिर संविधान पीठ तय करेगा कि क्या केंद्र इस तरह संशोधन कर सकता है या नहीं?

### *केंद्र ने हलफनामे में क्या कहा...*

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर करते हुए कहा था कि संविधान का आर्टिकल 246(4) संसद को भारत के किसी भी हिस्से के लिए और किसी भी मामले के संबंध में कानून बनाने का अधिकार देता है जो किसी राज्य में शामिल नहीं है। केंद्र के अध्यादेश के मुताबिक, दिल्ली में अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का आखिरी फैसला उपराज्यपाल यानी LG का होगा। इसमें मुख्यमंत्री का कोई अधिकार नहीं होगा। अध्यादेश क्या होता है?

# सतना से सीधी आ रही श्याम बस छुहिया घाटी में पलटी 32 घायल

### 12 यात्रियों को आई गंभीर चोंटे, रीवा अस्पताल में चल रहा इलाज



**सीधी।** सतना से सीधी आ रही श्याम कम्पनी की बस क्रमांक एमपी 17 पी 0374 सीधी जिले के पुलिस चौकी पिपरांव अन्तर्गत बघवार तरफ से छुहिया घाटी के दूसरे मोड़ में ब्रेक फेल हो जाने से बस 30 फिट नीचे खाई में जा गिरी जिससे बस में सवार 32 यात्री घायल हो गए है घायल यात्रियों में 12 की हालत गंभीर बताई गई है।

गंभीर रूप से घायलों को संजय गांधी अस्पताल रीवा भेज दिया गया है। घटना के संबंध में पिपरांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 4=30 बजे श्याम बस सर्विस अपने निर्धारित समय पर सतना से सीधी आ रही थी जहां छुहिया घाटी में अचानक ब्रेक फेल हो जाने के चलते वाहन अनियंत्रित होकर तीस फिट नीचे खाई में जा गिरा। गनीमत यह रही कि पेड़ो से टकराते हुए बस तीस फिट गहराई पर नीचे गिरी अगर यह सीधे घटना स्थल से तीस फिट नीचे पहुंचती तो भयावह हादशा हो सकता था। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### मौके पर पहुंचे कलेक्टर

सतना से सीधी आ रही बस के छुहिया घाटी में दुर्घटना ग्रस्त होने की सूचना प्राप्त होने पर प्रशासन द्वारा तत्परता से राहत और बचाव कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर साकेत मालवीय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन में घायलों से मुलाकात की तथा चिकित्सकों को समुचित चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उपखण्ड अधिकारी चुरहट शैलेश द्विवेदी ने बताया कि बस में लगभग 35 लोगों के सवार होने की जानकारी मिली है, जिनमें से गंभीर रूप से घायल 12 व्यक्तियों को रीवा रेफर किया गया है। 20 घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर नैकिन में उपचार जारी है। एसडीओपी विवेक गौतम सहित प्रशासनिक अमला मौके पर उपस्थित होकर तत्परता से कार्यवाही कर रहा है।

# जेल में बंदियों बीच हुआ अल्पविराम कार्यक्रम का अयोजन



**सीधी** राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग द्वारा 26 जुलाई को जिला जेल सीधी में बंदियों बीच अल्पविराम कार्यक्रम अयोजन किया गया इस कार्यक्रम का शुभारंभ आनंदम सहयोगी कल्पना टाडिया द्वारा तोरा मन दर्पण प्रार्थना करके किया गया। उसके पश्चात राज्य आनंद संस्थान का परिचय एवं जीवन का लेखा जोखा का सत्र किया गया एवं साथ में आनंदित रहने की गेम भी कराया गया। सत्र के दौरान बंदी भाइयों ने जिन्होंने मदद किए है उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त किए एवं अल्पविराम लेकर आपने गलतियों को स्वीकार किए और जेल से बाहर निकल कर एक अच्छे इंसान की तरह रहेंगे और दूसरों की सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा की अगर अल्पविराम जीवन में अपनाते तो आज जेल में नही होते। कार्यक्रम का समापन कौन है ज़िम्मेदार गीत से किया गया। कार्यक्रम में पूरे समय जेल अधीक्षक कृष्ण कुमार तिवारी उपस्थित रहे और कहे की इस तरह का कार्यक्रम लगातार करते रहेंगे। आखिर में संचालन टीम को जेल अधीक्षक द्वारा प्रशंसा पत्र दिया गया। वहीं मुकेश करुवा राज्य आनंद संस्थान भोपाल, विनय तिवारी आनंदम सहयोगी, रश्मि तिवारी आनंदम सहयोगी, सुश्री कल्पना टांडिया आनंदम सहयोगी एवं अमित तिवारी सक्रीय अनंदक द्वारा किया गया।

# ताजिये किये कर्बला में सुपुर्दे खाक

## इमाम हुसैन की सादाओं से गूंजा शहर, दसवीं मुहर्रम पर गम में डूबे अजादारों ने निकाला जुलूस

**ललितपुर।** दसवीं मोहर्रम शनिवार को शहर में यौम-ए-आशूरा का जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में हजारों लोग शामिल हुए और अजादारों का गम बांटा। शहर में यौम ए आशूरा का जुलूस कस्साब मंडी, घुसयाना, नेहरूनगर, सदनशाह, गोविंदनगर, नदीपुरा से सारे ताजिये दार अपने अपने ताजिये लेकर घण्टाघर पहुंचे, यहां पर हजरत इमाम हुसैन की सादाओं की गूंज के साथ नदीपुरा इमामबाड़ा अखाड़ा व गोविंदनगर अखाड़ा, कसाव मंडी अखाड़ा के लोंगों ने हैरत अंगेज कर्तव्य भी दिखाए। इसके बाद जुलूस साबरकर चौक पहुंचा।

देर रात कर्बला पहुंच कर ताजियों को सुपुर्दे खाक किया। पुलिस व प्रसाशन मुस्तैद रहा। इस मौके पर पुलिस व प्रसाशन के आला अधिकारी मौजूद रहे। वहीं शहर पेश इमाम हाजी मो. इलयास, जिला मुस्लिम ऐसोसियेशन के सदर असलम कुरैशी, संरक्षक हाजी बाबूबदरुद्दीन कुरैशी के ताजिया कमेटी के अध्यक्ष रमजानी दादा, जनरल सेक्रेटरी मोहम्मद नसीम, नायाब सदर सादिक अली, अब्दुल शाकिर अलीम, सेकेट्री मो. कलीम, नायाब सेकेट्री हमीद मंसूरी जाहिद खान मंसूरी, कोषाध्यक्ष, मो.अज्जू बाबा, मंत्री इमरान मंसूरी के अलावा हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कर्बला में यजीद की सेना ने पानी पर भी लगाया पहरा

नमाज पढ़ते वक्त घेरा, पानी मांगने पर तीर बरसाकर किया शहीद हजरत इमाम हुसैन ( रजि. ) के काफिले में 6 माह तक के बच्चे भी थे। अधिकतर महिलाएं थीं। पानी नहीं मिलने से ये लोग प्यास से तड़पने लगे। इमाम हुसैन ने यजीद की सेना से पानी मांगा, लेकिन यजीद की सेना ने



शर्त मानने की बात कही। यजीद को लगा कि हुसैन और उनके साथ परिवार, बच्चे व महिलाएं टूट जाएंगे और उसकी शरण में आ जाएंगे, लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ। 9वें मुहर्रम की रात हुसैन ने परिवार व अन्य लोगों को जाने की इजाजत दी. और रात में रौशनी बुझा दी, लेकिन उन्होंने कुछ देर बाद रौशनी की तो सभी वहीं मौजूद थे और सभी ने हुसैन का साथ देने का इरादा कर लिया।

इसी रात की सुबह यानी 10वें मुहर्रम को यजीद की सेना ने हमला शुरू कर दिया। 10 अक्टूबर, 680 ( इस्लामी 61 हिजरी ) को सुबह इमाम और उनके सभी साथी नमाज पढ़ रहे थे, तभी यजीद की सेना ने घेर लिया। इमाम व उनके साथी नमाज पढ़ते वक्त हमला कर शहीद कर दिया। इसके बाद हुसैन व उनके साथियों पर शाम तक हमला कर सभी को शहीद कर दिया। इतिहास के अनुसार, यजीद ने हुसैन के छ्ह माह और 18 माह के बेटे को भी मारने का हुक्म दिया। इसके बाद बच्चों पर तीरों की बारिश कर दी गई। इमाम हुसैन पर भी तलवार से वार किए गए। इस तरह से हजारों यजीदी सिपाहियों ने मिलकर इमाम हुसैन सहित 72 लोगों को शहीद कर दिया। इस घटना के बाद से ही मुसलमानों ने इस्लामी कलेंडर के नए साल में खुशी मनाना छोड़ दिया। करीब 1400 साल बीतने के बाद मुस्लिम इस माह में खुशी का जैसे शादी जैसे कार्यक्रम नहीं करते हैं।

### घरों में रहकर की इवादत

मुस्लिम समुदाय के लोग घर पर ही रहकर इवादत कर रहे हैं महिलाएं और बच्चियां भी शहादत नामा और मलशिये पड़ रहीं हैं। रोजे रखकर भी खुदा की इवादत की जा रही है यह रोजे अनिवार्य यानी जरूरी नहीं हैं, लेकिन मुहर्रम के रोजों का बहुत सवाब है।

### बिरधा में निकाले गये ताजिये

बिरधा में हर साल की भांति इस वर्ष भी ताजियों का जुलूस का बड़े शानो शौकत से निकाला गया। आज के दिन हजरत हुसैन यजीद के हाथ पर बैत नहीं की चाहे अपने 72 लोगों के साथ जंगे कर्बला में शहीद करवा दिया। यह असत्य के ऊपर सत्य की विजय है। आज दुनिया में अपने बच्चों का कोई यजीद नाम नहीं रखता, जबकि हर घर मे हुसैन नाम के लोग पाए जाते हैं। ( यजीत खो गया शाम के अंधेरों में, हुसैन जिंदा है हर दिल में रोशनी की तरह )। इस मौके पेश इस्लाम शब्बीर खान मंसूरी, हाफीज साहब, शकील खान, नंदकिशोर पाराशर, घनश्यामदास कुशवाहा, कोमल, करीम खान, इस्लाम, इरफान खान, मुस्लिम खान, यकूब खान, रज्जब खान, इरफान खान, अनवर खान, ताज भाई, सुल्तान, इस्माइल खान, स्माइल, शकील खान, नवाब शाहनवाब, इमामुद्दीन, खालिद भाई आदि लोग उपस्थित रहे।

# जीवन में सुधार के लिए नौनिहालों में संस्कार जरूरी : आचार्यश्री

## आदिनाथ पाठशाला के बच्चों ने लिया आचार्यश्री से आशीर्वाद



ललितपुर। पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटा मंदिर में आज उच्चारणाचार्य विनम्रसागर महाराज ने पाठशाला के बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा जीवन में संस्कार ही भविष्य को संवारते हैं। धार्मिक संस्कार जब वच्चों के लिए मिलते हैं तो वह भविष्य में कभी भी गलत रास्ते पर नहीं जाते। पाठशालाओं को संस्कारों की जननी बताते हुए आचार्यश्री ने अभिभावकों को प्रेरित किया धार्मिक संस्कारों के लिए वह बच्चों में कोताही नहीं वरतें। आदिनाथ पाठशाला सिविल लाइन ललितपुर की संचालिका वंदना जैन, अंजलि जैन श्रद्धा आरती दीदी के साथ बच्चों ने आचार्यश्री विनम्रसागर महाराज से आशीर्वाद ग्रहण किया और जीवन को प्रेरणादायी बनाने के लिए टिप्स भी लिए। इसके पूर्व सुबह आचार्यश्री ने भक्तामर शिविर में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि अच्छे बनिए अच्छे बनने से पहले जीवन में सरलता होनी चाहिए उन्होने कहा अच्छे बनने से सरल बननला बेहतर है ऐसे लोग सभी के प्रिय और बससे प्रिय होते हैं। भक्तामर के छंदों को उच्चारण के साथ समझाते हुए आचार्य श्री ने भक्तामर की महिमा बताई। और कहा जीवन है पानी की बूद कब मिट जाए होनी अनहोनी कब घट जाए कहा नहीं जा। सुबह बुद्धि, सिद्धि, समृद्धि प्रदायक सर्वविग्न विनाशक महामृत्युंजयी भक्तामर शिविर में आचार्यश्री विनम्र सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में भगवान के अभिषेक शान्तिधारा पुर्ण्याजक परिवार द्वारा की गई। संगीतमय पूजन के उपरान्त धर्मसभा का मंगलाचरण तीन वर्षीय वालक देवांश द्वारा भक्तिपूर्वक किया गया। शिविर में श्रावक अमित जैन के 4 वर्षीय वालक वर्द्धमान ने भक्तामर के 6 काव्यों का शुद्ध उच्चारण किया। सायंकाल भक्तामर शिविर की महाआरती विधान पुर्ण्याजक परिवार द्वारा प्रभुचरणों में 48 दीपों द्वारा सर्वसिद्धि मंत्रों के साथ भक्तिपूर्वक आरती हुई। इस मौके पर जैन अटा मंदिर प्रबंधक भगवानदास, मनोज जैन, अक्षय अलया, रामप्रकाश जैन, संतोष जैन, धन्यकुमार जैन एड, विजय जैन, महेन्द्र जैन, नरेश, प्रदीप, प्रदीप जैन, अंकुर जैन शानू, अनंत सर्राफ, चंचल, अमित जैन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

# न अत्याचार करेंगे न अत्याचार सहेंगे

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के शिविर में महिलाओ ने ली शपथ



**ललितपुर।** जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रोदय कुमार के निर्देशानुसार सचिव अक्षयदीप यादव व राष्ट्रीय महिला आयोग के दिशा निर्देशन में तहसील पाली के सभागार में उपजिलाधिकारी पाली अशोक कुमार की अध्यक्षता में महिलाओं को विधिक साक्षरता प्रदान करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए उपजिलाधिकारी पाली अशोक कुमार ने कहा कि महिलाओं को स्वयं अपनी शक्ति को पहचाना होगा और स्वयं अपने हक की लड़ाई लडनी होगी। महिलाओं को वर्तमान में हिंसा से बचने के लिए अपने आपको आधुनिकरण के बदलाव के साथ अपने आपको बदलना होगा।

रिसोर्स पर्सन एड.निधि सिंह ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, बलात्कार, भरण पोषण, दहेज उत्पीडन, बाल विवाह, छेडखानी, साइबर हिंसा, अनैतिक देह व्यापार, खरीद-फरोख्त जैसी समस्याओं से कैसे निदान पाए, इस विषय पर चर्चा की और महिलाओ को उनके अधिकारो के बारे में बताया। नगर पंचायत पाली के अध्यक्ष एड.मनीष कुमार तिवारी ने गागर में सागर भरते हुए महिलाओं के संपत्ति में अधिकार, अनुकम्पा नियुक्ति एवं सरकार व नालसा द्वारा संचालित योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए महिलाओ से स्वयं की शक्ति पहचानने का आह्वान करते हुए कहा कि हमारे भारतवर्ष में जहां नारियों की पूजा होती है वही देवता निवास करते है पर विचार व्यक्त किए। क्षेत्राधिकारी पाली कमलेश नारायण पांडे ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य है कि आप अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो ऐसे आयोजन हमेशा होते रहने चाहिए जिससे महिलाए जागरूक हो।

महिला कल्याण अधिकारी ममता श्रीवास ने महिला कल्याण विभाग की योजनाओं के बारे में बताया। पैनल अधिवक्ता पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आएं हुए अतिथियों को धन्यवाद दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी राजीव कुमार, कपिल, विशाल कुशवाहा द्वारा महिलाओं के कानून से संबंधित पुस्तक वितरित की। इस दौरान अभिलाषा राय, प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद, ज्योति परमार एड., पार्षद रानू दुबे, एड.आकाश झा, आशीष चौरसिया के अलावा क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रही।

# छात्र-छात्राओं ने सुना अखिल भारतीय शिक्षा समागम पर प्रधानमंत्री का लाइव भाषण



**ललितपुर।** जिला परिषद इंटर कॉलेज पाली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम कार्यक्रम का सीधा प्रसारण लैपटॉप के माध्यम से छात्रों को दिखाया गया। जिसमें इंडिया ट्रेड ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन प्रगति मैदान न्यू दिल्ली में आयोजित प्रदर्शनी एवं विभिन्न शैक्षिक सत्र को दर्शाया गया। लाइव प्रदर्शनी में नई शिक्षा नीति वर्ष 2020 छात्र छात्राओं को मिलने वाले लाभ के बारे में विभिन्न विडियोज के माध्यम से बताया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई शिक्षा नीति को प्रधानमंत्री की दूरगामी सोच का परिणाम बताया।

इसके बाद प्रधानमंत्री ने बताया कि हमने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विभिन्न कोर्सों को क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराया है तथा शिक्षा और तकनीकी विकास शहर से लेकर देश के प्रत्येक गांव और कोने-कोने तक पहुंचा है। बहुत ही जल्द नई शिक्षा नीति का पाठ्यक्रम जनहित में उपलब्ध करा दिया जाएगा। सभी छात्र छात्राओं ने इस कार्यक्रम को बहुत ध्यान पूर्वक सुना। इस कार्यक्रम से छात्र छात्राओं को अपने रूचि के अनुसार विषय चुनने शिक्षा के प्रति रुचि तथा सपनों को साकार करने में एक नई उड़ान मिलेगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य के.एल.चौधरी, प्रवक्ता उमेश कुमार मिश्रा, सहायक अध्यापक हरीश कुमार, रविंद्र कुमार, राजेश कुमार, नरेंद्र प्रताप, प्रमोद कुमार, कृष्ण कुमार चौरसिया, अमित कुमार, महेश कुमार, विकास कुशवाहा, अभिषेक जैन तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# किआरा आडवाणी ऐसे बनीं बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस किआरा आडवाणी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है. किआरा ने बहुत कम समय में ही फिल्म इंडस्ट्री में नाम, शोहरत और पैसा सब हासिल कर लिया है. सिंपल रोल हो या चुलबुला अंदाज किआरा हर रोल में फिट बैठती हैं. इन सबके बीच किआरा आज अपना 31वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं.

किआरा आडवाणी की पहली फिल्म रही थी फ्लॉप

किआरा आडवाणी की पहली फिल्म साल 2014 में आई 'फगली' थी. हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं कर पाई और सुपर फ्लॉप रही. किआरा की पहली फिल्म तो फ्लॉप हो गई लेकिन इस एक्ट्रेस ने मेहनत करना जारी रखा और फिर उन्हें क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी पर बनी फिल्म 'धोनी द अनटोल्ड स्टोरी' में काम करने का मौका मिला. यही वो फिल्म थी जिसने किआरा की किस्मत को फर्श से अर्श पर पहुंचा दिया और उन्हें बॉलीवुड में पहचान मिल गई. इसके बाद किआरा ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा.

**किआरा ने अपने छोटे से करियर में दी हैं कई हिट फिल्में**

किआरा की फिल्म 'धोनी द अनटोल्ड स्टोरी' हिट हो चुकी थी और इसी के साथ उन्हें फिल्मों के मिलने का सिलसिला फिर शुरू हो गया. उन्होंने कई फिल्मों में काम किया इनमें 'मशीन', 'सीआईडी', 'लस्ट स्टोरी' शामिल है. फिर किआरा को शाहिद कपूर के साथ 'कबीर सिंह' मिली और ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपर-डुपर हिट साबित हुई. किआरा का सादगी भरा अंदाज लोगों के दिल में उतर गया. वहीं किआरा की सिद्धार्थ मल्होत्रा संग फिल्म 'शेरशाह' भी हिट रही. इसके बाद 'गुड न्यूज', 'जुग जुग जियो' और 'भूल भूलैया 2' जैसी किआरा की कई फिल्में भी हिट रही हैं.




# सारा अली खान ने पुलिस बनकर 'कैदी' पिता सैफ अली खान को डंडे की नोक पर दी सीख,



**सारा अली खान,** हिंदी सिनेमा के मशहूर स्टार कपल सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी हैं, जो साल 2004 में अलग हो गए थे। पैरेंट्स के अलग हो जाने के बावजूद सारा का अपने पिता से अच्छा रिश्ता है। सैफ और सारा को एक साथ काम करते देखने के लिए उनके चाहने वाले बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब पिता-बेटी ने फैंस की ये मुराद भी पूरी कर दी है।

सैफ अली खान और सारा अली खान ने पहली बार एक साथ काम किया है। दोनों एक एड में साथ दिखे। इस एड में पिता-बेटी के कैरेक्टर को काफी पसंद किया जा रहा है। कार इंश्योरेंस एड में सारा अली खान जहां पुलिस बनी हुई दिखाई दीं तो वहीं सैफ अली खान कैदी बने हैं। सारा अली खान अपने राउडी अंदाज में अपने कैदी पिता पर रौब झाड़ती हैं और उन्हें कार इंश्योरेंस से पहले ध्यान देने वाली चीजों के प्रति जागरुक रहने की सलाह देती हैं। इस मजेदार एड में पिता-बेटी ने पूरी लाइमलाइट लूट ली है। सारा और सैफ की एक और तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। फोटो में बंदूक लिये पुलिस की वर्दी में सारा अली खान अपने पिता सैफ के साथ पोज देती नजर आई रहीं। वहीं, सैफ कैदी के कपड़ों में दिखाई दे रहे हैं।

# 'ड्रीम गर्ल 2' के नए पोस्टर में दिखी आयुष्मान खुराना संग अनन्या पांडे की जबरदस्त केमिस्ट्री...




मोस्ट अवेटेड फिल्म सीक्वल 'ड्रीम गर्ल 2' ने एक बार फिर अपने बेहद अट्रैक्टिव नए पोस्टर की रिलीज के साथ फैंस का दिल खुश कर दिया है. पोस्टर में खूबसूरत अनन्या पांडे को परी के रूप में पेश किया गया है . फिल्म के नए पोस्टर में अनन्या और आयुष्मान खुराना की जोड़ी नजर आ रही है जो एलीगेंस और चार्म के साथ अपनी दीवाना कर देने वाली ऑन स्क्रीन केमेस्ट्री से दर्शकों को दीवाना बनाने के लिए तैयार हैं . पोस्टर पर अनन्या पांडे उर्फ परी अपने क्यूट अदाओं से सबका दिल जीत रहीं है. वहीं फैंस फुल एक्साइटमेंट के साथ अब फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. अनन्या और आयुष्मान के फैंस उनकी अपकमिंग फिल्म ड्रीम गर्ल 2 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. वहीं अब फिल्म का नया पोस्टर रिलीज हो चुका है. दोनों स्टार्स ने अपने सोशल मीडिया पर नए पोस्टर को शेयर कर फिल्म की काहानी की एक झलक फैंस को दिखा दी है.फिल्म के पोस्टर में अनन्या पांडे के अपोजिट नजर आ रहें आयुष्मान खुराना बड़े नॉटी और फनी अंदाज के साथ उन्हें पूरी तरह से कॉम्पलीमेंट करते दिख रहे हैं.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com .